भारत सरकार

योजना मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3663

दिनांक 03.04.2023 को उत्तर देने के लिए

एससी और एसटी का मानव विकास सूचकांक

3663. **श्रीमती फूलो देवी नेतम**:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) का मानव विकास सूचकांक देश के मानव विकास सूचकांक की तुलना में कम है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उन संकेतकों का ब्यौरा क्या है जिनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मानव विकास सूचकांक में पीछे हैं और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के मानव विकास सूचकांक को ऊपर लाने के लिए कोई विशेष कार्य योजना बनाने का विचार है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) एवं (ख) साक्षरता दर, स्कूल ड्रॉप आउट (स्कूल छोड़ना) दर, विभिन्न स्वास्थ्य संकेतकों आदि के संबंध में अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य सामाजिक समूहों के तुलनात्मक डेटा **अनुलग्नक** में क्रमानुसार तालिकाओं में प्रस्तुत किया गया है। अनुलग्नक में दिए गए आंकड़ों से यह पता चलता है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के मानव विकास संकेतकों में पिछले वर्षों में सुधार हुआ है, हालांकि उनमें और अन्य सामाजिक समूहों के बीच अंतर

बना रहा है। इस अंतराल का मुख्य कारण गरीबी और इसका दुष्चक्र, निरक्षरता, बड़े पैमाने पर मजदूरी पर निर्भरता आदि हैं, जिन्हें सरकार विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से दूर कर रही है।

(ग) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य सामाजिक समूहों के बीच मानव विकास संकेतकों में अंतर को कम करना हमेशा सामाजिक-आर्थिक विकास नीति की प्राथमिकता रही है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। बड़ी संख्या में कार्यक्रम पहले से ही चल रहे हैं और इसका उद्देश्य कड़ी निगरानी और पारदर्शिता के माध्यम से कार्यान्वयन में सुधार करना है ताकि वांछित उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।

समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष रूप से कार्यान्वित प्रमुख कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों ने ''अनुसूचित जातियों और जनजातियों के कल्याण के लिए आवंटन'' भी निर्धारित किए हैं, जिनके ब्यौरे केन्द्रीय व्यय बजट 2022-23, खण्ड-। में अनुसूचित जातियों के लिए 10-क और अनुसूचित जनजातियों के लिए 10-ख पर उपलब्ध हैं।

****

श्रीमती फूलो देवी नेतम द्वारा एससी और एसटी का मानव विकास सूचकांक के संबंध में दिनांक 03.04.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3663 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

तालिका-1: सामाजिक समूहों के लिए स्वास्थ्य संकेतक

वर्ष	**एनएफएचएस-1 (1992-93)**			**एनएफएचएस-2 (1998-99)**			**एनएफएचएस-3 (2005-06)**			**एनएफएचएस 4 (2015-16)**			**एनएफएचएस -5 (2019-2021)**		
प्रमुख संकेतक / सामाजिक समूह	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**कुल**	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**कुल**	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**कुल**	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**कुल**	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**कुल**
शिशु मृत्यु दर	107.0	90.5	86.3	83.0	84.2	73.0	66.4	62.1	57.0	45.2	44.4	35.2	40.7	41.6	-
नव-प्रसव मृत्यु दर	63.1	54.6	52.7	53.2	53.3	47.7	46.3	39.9	39.0	33.0	31.3	24.9	29.2	28.8	--
बाल मृत्यु दर	46.9	49.1	35.5	39.5	46.3	30.6	23.2	35.8	18.4	11.1	13.4	6.9	8.6	9.0	--
पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर	149.0	135.2	118.8	119.3	126.6	101.4	88.1	95.7	74.3	55.9	57.2	41.9	48.9	50.3	--

स्रोतः राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।

तालिका-2: सामाजिक समूहों की साक्षरता दर

सामाजिक समूहों	**1981**	**1991**	**2001**	**2011**
अनुसूचित जाति	21.38	37.41	54.69	66.07
अनुसूचित जनजाति	16.35	29.60	47.10	58.96
कुल	43.57	52.21	64.84	74.00

स्रोत: भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त का कार्यालय।

तालिका-3 सम्पूर्ण भारत में सामाजिक समूहों के लिए स्कूल छोड़ने वालों (%) की दर (कक्षा-I से XII)

स्कूली शिक्षा का स्तर	**सामाजिक श्रेणी**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
प्राथमिक	अनुसूचित जाति	4.46	8.08	4.85	5.16	1.82	0.87	1.46
	अनुसूचित जनजाति	6.94	8.54	3.66	5.48	3.85	2.52	2.83
	कुल	5.12	4.71	1.91	3.61	0.53	0.00	2.54
उच्च प्राथमिक	अनुसूचित जाति	5.51	7.87	6.59	6.04	3.75	3.34	3.56
	अनुसूचित जनजाति	8.59	9.58	6.04	6.69	6.06	5.02	6.03
	कुल	3.12	3.55	2.87	2.51	0.00	0.00	1.51
माध्यमिक	अनुसूचित जाति	19.36	24.73	21.77	20.20	18.65	15.32	12.55
	अनुसूचित जनजाति	24.68	28.53	22.14	24.93	24.18	20.91	16.62
	कुल	13.25	17.7	14.94	13.21	10.95	10.29	10.94

स्रोत: स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्रालय

*****